तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024

3212 मतदाताओं के लिए केवल तीन मतदान केंद्र 12



शादी से पहले मतदान केंद्र पहुंचा दुल्हा, फिर निकाली 11





## मतदान



### विधायक संगीता ने किया मतदान

**गुरूर**। विधायक संगीता सिन्हा ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हुईं। संगीता सिन्हा ने क्षेत्र में विभिन्न मतदान केन्द्रों में आम जनता से मिली व सभी से मतदान करने की अपील की।

### 84 साल की बेला ने डाला वोट और खिंचाई फोटो



**बालोद**। बालोद के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल आमापारा मतदान केंद्र क्रमांक 38 में पहली मतदाता के रूप में बुजुर्ग मतदाता बेला बाई 84 साल ने मतदान किया। इस दौरान उन्होंने सेल्फी पॉइंट में सेल्फी भी ली। मतदान केंद्र में तिलक लगाकर स्वागत भी किया गया।

### वृद्धा ने मतदान के लिए किया प्रेरित



**बालोद**। ग्राम उमरादाह निवासी 84 वर्षीय बुजुर्ग गंगा बाई ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने ग्राम स्थित मतदान केन्द्र पहुंची, जहां उन्होंने मतदान किया तथा अन्य से भी मतदान करने की अपील की।

### दिव्यांग रथ से किया मतदान



**बालोद**। विकासखण्ड के मतदान केंद्र परसदा में बलराम साहू पिता सीताराम साहू ने अपनी दिव्यांगता के कारण जिला प्रशासन द्वारा की गई दिव्यांग रथ के लिए टोल नम्बर 1950 में सम्पर्क किया, बलराम साहू की सूचना उपरांत दिव्यांग रथ से मतदान करवाया गया।

### तीन पीढ़ी ने एक साथ किया मतदान



**बालोद**। जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 156 कुरदी में छत्तीसगढ़ी संस्कृति को परिलक्षित करते हुए साज-सज्जा की गई थी। मतदान केंद्र में तीन पीढ़ी के 87 वर्षीय बुजुर्ग दीनदयाल साहू ने अपने 54 वर्षीय पुत्र रमनलाल एवं 23 वर्षीय नाती किशोर साहू के साथ मतदान किया। इस दौरान उनके तीन पीढ़ी के लोगों के एक साथ मतदान करने पर बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। इस मतदान केंद्र में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग वेटिंग कक्ष के अलावा शुद्ध पेयजल, छांव इत्यादि की भी व्यवस्था की गई थी।

## चुनाव : मतदान केन्द्रों में नव वर-वधू भी पहुंचे मतदान करने

# चिलचिलाती धूप-गर्मी मतदाताओं के उत्साह-जोश के आगे पड़ी फीकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में जोरदार उत्साह नजर आया। अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए आम जनता सुबह से ही मतदान केंद्रों में पहुंचने लगे थे। लोकतंत्र के इस महापर्व में दूल्हा-दुल्हन भी शादी की रस्में बीच में रोक कर मतदान केंद्र पहुंचे। बुजुर्ग मतदाता भी मतदान के लिए उत्साहित दिखे। कांकेर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा के मतदान केंद्रों अभूतपूर्व उत्साह नजर आया। दोपहर 1 बजे तक 55 प्रतिशत मतदान हो गया था। आरंभ में बालोद विधानसभा क्षेत्र में 11 बजे तक डौंडी लोहारा एवं गुण्डरदेही की तुलना में मतदान की गति धीमी थी, लेकिन 11 से 1 बजे तक मतदाता निकले एवं 1 बजे तक डौंडी लोहारा में 56.6 प्रतिशत, बालोद में 54.97 प्रतिशत एवं 56.12 प्रतिशत तक मतदान हो चुका था। **तेज गर्मी की नहीं की परवाह :** शुक्रवार को क्षेत्र में तेज गर्मी ▶▶| शेष पेज 11 पर



**मतदाताओं का किया सहयोग :** मतदान केंद्र में कई रोचक एवं प्रेरणापद घटनाएं सामने आई, कहीं पोते दादा को मतदान के लिए लाते दिखे, तो कहीं एक साथ तीन पीढ़ी ने मतदान किया। नगर पंचायत एवं ग्रामों में ग्राम पंचायत की कर्मचारी सजगता से मतदान केंद्रो में मतदाताओं को सहयोग मार्गदर्शन करते दिखे। कुछ स्थानों में रेडक्रॉस, स्काउट गाइड के बच्चों को भी मतदान कार्य के दौरान पर्ची मिलान में सहयोग करते देखा गया।
**छांव, पानी की व्यवस्था:** इस बार मतदाताओं को मतदान केंद्र में छांव, पानी रैंप व अन्य पर्याप्त सुविधा की व्यवस्था की गई थी, भीड़ होने एवं पंडाल में जगह नहीं रहने पर मतदान केंद्र के पास सर्वसुविधायुक्त प्रतीक्षालय बनाया गया था। महिलाओं को परेशानी न हो इसलिए पृथक प्रतीक्षालय बनाया गया था। छोटे बच्चों को संभालने के लिए व्यवस्था की गई थी।

## जिले में औसत 74.19 प्रतिशत मतदान

**बालोद**। लोकसभा चुनाव में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बालोद जिले के संजारी बालोद, डौण्डीलोहारा व गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कुल पुरूष 75.07 प्रतिशत, महिला 73.35 प्रतिशत, थर्ड जेंण्डर 33.33 प्रतिशत सभी मिलाकर कुल 74.19 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसमे संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र में पुरूष 75.69 प्रतिशत, महिला 72.61 प्रतिशत कुल 74.12 प्रतिशत मतदान हुआ है। डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में पुरूष 74.43 प्रतिशत, महिला 74.65 प्रतिशत कुल 74.54 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में पुरूष 75.08 प्रतिशत, महिला 72.84 प्रतिशत, थर्ड जेंडर 33.33 प्रतिशत कुल 74.19 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### कलेक्टर ने डाला वोट





**बालोद**। लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर संगवारी मतदान केंद्र आमापारा बालोद में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने किया मतदान। जहां उनका स्वागत फूलों के साथ तिलक लगाकर किया गया।

### बूथों में पहुंचे भोजराज



**बालोद**। लोकसभा चुनाव मे कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने जिले में मतदान के दौरान क्षेत्र के अलग-अलग बूथों में जाकर दौरा करते हुए स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू व अन्य भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

### रस्मों को छोड़ युवक-युवती पहुंचे मतदान करने



**गुरूर**। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में चलाए गए सघन मतदाता जागरूकता का परिणाम भी मतदान के दौरान दिखा। कई नव जोड़ों ने पहले मतदान किया फिर शादी की शेष रस्मों को पूरा किया। मतदान केंद्र कपरमेटा में हल्दी में रंगे वर लोकेश्वर टेकाम ने बारात प्रस्थान करने के पूर्व मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया। कई अन्य जोड़ों ने मतदाताओं के साथ कई वर-वधु दाम्पत्य सूत्र में बंधने के पहले मतदान को प्राथमिकता दी। मतदान के केंद्र सुर्रा में भी गांव की दो वधु वेदप्रिया एवं संतोषी ने शादी के मंडप में जाने के पहले अपने माता-पिता के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। नव वर-वधु की सजगता को मतदाताओं ने भी नमन किया एवं लंबी कतार रहने के बाद भी मतदाताओं ने उन्हें तुरंत मतदान करने आगे कर दिया।

## मतदान के लिए बुजुर्गों ने दिखाया उत्साह






**अंडा**। लोकसभा कांकेर चुनाव को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा गया। गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रत्याशियों के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी आदि ने भी अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव के दौरान क्षेत्र के बाजार आदि बंद रहे। ब्लॉक के ग्राम पंचायत परसदा निवासी लगनी बाई देशमुख 86 वर्ष, सोमन लाल साहू 86 वर्ष, सुकल्या निर्मलकर 30 वर्ष ने विलचेयर के सहारे मतदान किया।

- जनजागरुकता आई काम, लोगों ने उत्साहपूर्वक किया मतदान

### मतदान प्रतिशत

परसदा में 70 % मतदान हुआ। ग्राम डौकीडीह में 85%, ग्राम पंचायत खप्परवाडा में 80%, ग्राम पंचायत देवरी 70 % मतदान हुआ। ग्राम पंचायत ओटेबंद 80% मतदान किया गया, ग्राम पंचायत सिरसिदा निवासी दुजराम पटेल उम्र 60 वर्ष, चैतराम साहू उम्र 63 वर्ष को विलचेयर से केन्द्र पहुंचाया गया यहां मतदान 80% मतदान हुआ। इसी तरह ग्राम पंचायत डगनिया में 70 %, ग्राम पंचायत नाहंदा 74 %, ग्राम पंचायत गुरेदा 71%, ग्राम पंचायत तिलखैरी 78%, सलौनी 74.5%, ग्राम पंचायत भिलाई में 70%, ग्राम पंचायत चीचा, गोरकापार 70 %, ग्राम पंचायत ओडारसकरी 72 %, ग्राम पंचायत देवगहन 70 %, ग्राम पंचायत मटिया में 75 % मतदान हुआ।

### एनएसएस और रेडक्रॉस ने की मदद

सभी बूथों पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने बुजुर्ग मतदाताओं को केन्द्र तक पहुंचाया। स्वयंसेवी भी दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को वोटिंग के लिए मदद करते रहे। गुण्डरदेही ब्लॉक के सभी गांव के सरपंचों व नोडल धिकारीयों का विशेष सहयोग रहा। सरपंच ग्राम पंचायत परसदा कुलदीप साहू ने बताया कि सभी मतदान करने वाले ग्रामीणों के लिए बैठने, पीने के लिए पानी, छाया सभी तरह की सुविधा की गई थी।

### सरपंचों ने किया सहयोग

इसी तरह ग्राम पंचायत डौकीडीह सरपंच मोहन लाल चंद्राकर, सिरसिदा सरपंच प्रेमलाल ठाकुर, खप्परवाडा सरपंच श्रीमती रेवतीदेव दास, देवरी ख सरपंच खिलेंद्र साहू, ओटेबंद सरपंच भागेश्वरी साहू, डगनिया सरपंच टिकेश्वर साहू, नाहंदा सरपंच मंजू महेंद्र सोनकर, गुरेदा सरपंच हेमंत निषाद, तिरखैरी ,सलौनी सरपंच मीना बाई ठाकुर, वरिष्ठ पंच समाजिक कार्यकर्ता केदार देशमुख, चीचा,गोरकापार सरपंच लक्ष्मीनारायण गजभीम, ओडारसकरी सरपंच केशर बाई निर्मलकर, मटिया सरपंच सरिता नेताम, देवगहन,सिकोला सरपंच बीरम साहू सहित अन्य सरपंच व ग्रामीणजनों का लोकसभा चुनाव में विशेष सहयोग रहा और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ।



### शादी छोड़ किया मतदान



**बालोद**। लोकसभा चुनाव मतदान के दौरान डौंडी ब्लॉक के मतदान केंद्र महामाया में नव वधु सुलोचना ने मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया।

### नवविवाहिता ने किया मतदान



**बालोद**। जिले के डौंडी विकासखण्ड के मतदान केंद्र क्रमांक 220 खैरवाही में नवविवाहिता रंजना नायक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नवविवाहिता के मतदान केंद्र में पहुंचने पर मतदान केंद्र के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा गुलाब का फूल भेंटकर उनका स्वागत किया।

### पहले मतदान फिर बारात



**अंडा**। लोकसभा चुनाव में गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम भिलाई से मुरलीप्रसाद उपाध्याय जो बारात जाने से पहले वोट देने पहुंचे। ग्राम भिलाई से ढौर (सेलूद) के पास अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद वे बारात के लिए निकले।

### नवदंपति पहुंचे मतदान करने



**बालोद**। जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की सफलता देखने को मिल रही है। जिसके अन्तर्गत जिले के डौंडीलोहारा विकासखण्ड के मतदान केन्द्र कामता में नेमेश ठाकुर ने अपनी नव विवाहिता पत्नी खुशबू ठाकुर के साथ मतदान केंद्र में उपस्थित होकर मतदान किया। नेमेश एवं उनकी धर्मपत्नी ने मतदान कर लोगों से भी मतदान करने की अपील की।

### दूल्हा पहुंचा मतदान करने



**बालोद/कलंगपुर**। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में रोचक नजारे देखे गए। वहीं मतदाताआ जागरुकता का भी अच्छा परिणाम देखने को मिला। यहां एक युवक की बारात निकलने वाली थी, इसके पूर्व वह मतदान केन्द्र पहुंचा और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम कलंगपुर में परसराम साहू परिवार में विवाह कार्यक्रम चल रहा है, जहां 26 अप्रैल को मतदान के दिन दूल्हा बने कुलदीप साहू पिता परसराम साहू ने बारात प्रस्थान करने से पहले कलंगपुर मतदान केंद्र पहुंचा और अपना बहुमूल्य वोट डालकर बारात के लिए निकला।

## दल्ली के बूथ क्रमांक 201 में सामने आया मामला

# लोक सभा चुनाव: फर्जी मतदान के नाम पर मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लोकसभा चुनाव के दूसरा चरण में शुक्रवार को दल्लीराजहरा के बूथ क्रमांक 201 से फर्जी मतदान का मामला सामने आया, जहां गुरुद्वारा स्कूल में मतदान करने पहुंची मधु लालवानी पति गोवर्धनदास 40 वर्ष वार्ड क्रमांक 19 की रहने वाली जो मतदान करने मतदान केंद्र जब पहुंची थी तो उनको पता चला कि उनका वोट किसी ने दे दिया है, जिसके बाद काफी हंगामा हुआ। तब जाकर महिला को पीठासीन अधिकारी द्वारा निविदक मतपत्र से मतदान कराया गया, तब जाकर मामला शांत हुआ।



हालांकि बड़ा सवाल यह है कि इतनी ट्रेंनिग के बाद इतनी बड़ी लापरवाही क्यों हो गई और इसके जिम्मेदार कौन है। मधु लालवानी ने बताया की मतदान केंद्र गुरुद्वारा स्कूल में मतदान करने सुबह 11 बजे गईं थी, तब पता चला की मेरे नाम से किसी ने पहले से ही वोट दे दिया था। जब पीठासीन अधिकारी से इसकी शिकायत की गईं, तो उनके द्वारा पहले कहा गया की आपका वोट हो गया है, अब आप दोबारा आए हो इसलिए आपको वोट करने नहीं दिया जाएगा, फिर हंगामा होने के बाद टेंडर वोट कराया गया, लेकिन मुझे विश्वास नहीं है कि मेरा वोट जाएगा कि नहीं जाएगा।



पीठासीन अधिकारी पुरषोत्तम साहू ने कहा अधिकारी क्रमांक एक के द्वारा पहचान में कुछ गलती हुई है, इसलिए दूसरे का वोट दूसरे के द्वारा डाला गया है और नियमानुसार जो कार्यवाही की जाती है उसके आधार पर संबंधित मतदाता से हमने मतदान कराया है।

### चुनाव कार्य में लापरवाही आधा दर्जन कर्मी निलंबित

**डौंडीलोहारा**। लोकसभा चुनाव के लिए सौंपे गए कार्य में लापरवाही बरतने पर अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने जिले में पदस्थ 6 कर्मचारियों को निलंबित करने आदेश जारी किया है। आदेशानुसार आदिवासी बालक आश्रम बड़भूम के भृत्य नंदकिशोर साहू, उमाकांत नागवंशी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पीपरछेड़ी में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 देवनारायण राणा, डौंडीलोहारा तहसीलदार कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 मिलापसिंह रावटे, सहायक ग्रेड-3 वीरेंद्र कुमार उइके और शासकीय हाईस्कूल नारागांव में पदस्थ भृत्य पुष्पेंद्र सोनकर को निलंबित किया गया है। इनकी ड्यूटी सामग्री वितरण कार्य में लगाई गई थी। देवनारायण व पुष्पेंद्र सोनकर को डीईओ कार्यालय, वीरेंद्र कुमार व मिलाप सिंह रावटे को जिला कार्यालय, नंदकिशोर व उमाकांत को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय शाखा बालोद में अटैच किया गया है। इसके पहले गुंडरदेही ब्लॉक के कचांदुर केंद्र में आयोजित मतदान दल के प्रशिक्षण में हंगामा करने पर शासकीय हाई स्कूल सरेखा में पदस्थ व्याख्याता वर्ग-1 राजेश कुमार रावटे को निलंबित किया था।

### 92 वर्षीय बुजुर्ग ने किया सबसे पहले मतदान



**अंडा**। लोकसभा चुनाव में गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम चिचलगोंदी जिला बालोद के वयोवृद्ध वरिष्ठ नागरिक हरदेव लाल दिल्लीवार पेंशनर समाज के अध्यक्ष 92 वर्ष ने अपनी जीवन संगिनी 88 वर्ष के साथ मतदान करने पोलिंग बूथ में सुबह 6:30 को पहुंच गए थे एवं 7 बजे सुबह गांव में सबसे पहले अपना मतदान किया। उनकी कोशिश यही रहती हैं कि मतदान के अवसर पर ग्राम में सबसे पहले मतदान करें।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

